>

Title: Need to restore local rail service between Palanpur & Gandhidham, extend Gujarat Mail upto Palanpur and introduce DMU rail service between Mount Abu and Ahmedabad - Laid.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के पालनपुर से गांधीधाम के बीच मीटर गेज से ब्राड गेज लाइन बदलने से पहले कई लोकल रेल सेवाएं चलती थीं परन्तु ब्राड गेज लाइन बनने के बाद इस रेलवे खंड पर कोई लोक रेल सेवा वर्तमान समय में नहीं चल रही है जिसके कारण इस रेलवे प्रखंड के आसपास के गांव के लोगों को बहुत असुविधा हो रही है। वर्तमान समय से मुम्बई से अहमदाबाद के बीच गुजरात मेल चलती है, वह पन्द्रह घंटे अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर खड़ी रहती है। अगर इस रेल सेवा को पालनपुर तक बढ़ा दिया जाये तो उत्तर गुजरात से मुम्बई जाने वाले रास्ते के यात्रियों को बहुत सुविधा होगी और रेलवे को अतिरिक्त आय भी मिलेगी। साथ ही सदन के माध्यम से यह भी निवेदन है कि माउंट आबू से अहमदाबाद के बीच एक डी.एम.यू रेल सेवा चलती है। लोगों की मांग के अनुसार दो डी.एम.यू. रेल सेवा अहमदाबाद और पालनपुर तक चलाया जाये।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि पालनपुर से गांधीधाम तक पूर्व की भांति लोकल रेल सेवा चलायी जाये, मुम्बई से अहमदाबाद चलने वाली रेल सेवा को पालनपुर तक बढ़ाया जाये एवं माउंट आबू से अहमदाबाद के बीच एक और डी.एम.यू रेल सेवा चलाई जाये।